Tel. & Fax : 01564-220200
Web : www.mgcsrdr.com
Email : officekdgd@gmail.com

Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya

Sardarshahar – 331403, Churu (Rajasthan)
Sponsored by Mittal Charities, Mumbai
Approved by NCTE & DCE, Raj. Affiliated To M.G.S. University, Bikaner & Recognized by UGC (2F & 12B)

Date :- 13.10.2022

–:: प्रेस नोट ::–

सरदारशहर। श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में शिक्षण विभाग द्वारा गुरूवार को पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के वैध प्रशिक्षण प्रभारी डॉ0 संजय योगी ने छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्राओं को प्राणायाम के आठ प्रकारों से परिचित करवाया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ0 संजय योगी, भारत स्वाभिमान व पतंजलि योगपीठ के चूरू जिलाध्यक्ष डॉ0 सत्यनारायण झाझड़िया, पतंजलि योग समिति, चूरू के जिला प्रभारी श्री मनुज निर्वाण, पतंजलि योग समिति के भानीपुरा तहसील प्रभारी श्री शिवभगवान भाकर एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर योग कार्यक्रम की शुरूआत की।

डॉ0 संजय योगी ने छात्राओं को उदगीत प्राणायाम भ्रमरी प्राणायाम सहित योग के विभिन्न प्रकारों का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के स्वरूप एवं महत्त्व पर भी प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने भी जीवन में योग की महती आवश्यकता पर बल दिया। सभी छात्राओं एवं स्टाफ ने भविष्य में नियमित रूप से योग करने को संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्री राजेश गोयल ने किया। कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों को स्मृति स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किये गये।

संलग्न :– कार्यक्रम फोटो।

13/10/22
(डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक)
प्राचार्य/Principal
Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal
Mahila (PG) Mahavidyalaya
Sardarshahar

GAURIDUTT MITTAL
MAHAVIDYALAYA